सार-समाचार

पामेरा के विद्यालय में कॅरियर मेला लगा

रेवदर, (निसं)। रेवदर पामेरा के गलु बाई रामाजी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के तत्वाधान मे करियर मेले का आयोजन किया गया। आमंत्रित अतिथियों ने माँ सरस्वती के सम्मुख माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। अतिथियों का माल्यार्पण कर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिवादन किया। आमंत्रित अतिथि भूतपूर्व जिला शिक्षा अधिकारी बाबू खान शेख ने छात्र-छात्राओं को करियर निर्माण के गुर बताये और रूचि के अनुसार विषय चयन के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। डायरेक्ट सेलिंग आर. सी. एम के रणछोड देवासी ने भी मार्केटिंग मे करियर की जानकारी देकर लाभान्वित किया। उत्सव प्रभारी पंचायत शिक्षक जगदीश धारावत ने बताया कि व्याख्याता जय प्रकाश नागर, वरिष्ठ अध्यापक छीनाराम व भरत कुमार शर्मा ने भी करियर निर्माण के बारे मे अलग -अलग क्षेत्र मे जानकारी प्रदान की। विद्यालय मैदान मे चार्ट व मॉडल की प्रदर्शनी लगायी गयी जिसका समस्त अतिथियों व ग्राम वासियों ने अवलोकन किया। करियर मेले मे विभिन्न प्रतियोगिताओं मे प्रथम, द्वितीय व तृतीय पर रहे विद्यार्थियों को अतिथियों के कर कमलों से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं मे भाग लेने वाले समस्त विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पामेरा प्रशासक प्रवीणा देवी, समाज सेवी त्रिकमा राम व विद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

बाकरारोड व भागली सिंधलान में शिविर

जालोर, (कासं)। जिले में एग्रीस्टैक योजना के तहत 10 से 12 फरवरी तक जालोर तहसील के बाकरा रोड व भागली सिंधलान ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर फार्मर रजिस्ट्री शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें किसानों की फार्मर आईडी बनाने के साथ-साथ उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। सोमवार को जालोर तहसील की बाकरा रोड व भागली सिंधलान ग्राम पंचायत में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविर में किसान आईडी तैयार करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मंगला पशु बीमा योजना, पशु टीकाकरण, पशु चिकित्सा एवं उपचार सहित पशु पालन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं से भी किसानों को लाभान्वित किया गया। राजस्व विभाग के निर्देशानुसार जिले में आयोजित किए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के दौरान एप्लीकेशन संबंधित तकनीकी समस्याओं के मध्यनजर फरवरी माह के द्वितीय सप्ताह से जिले में केवल जालोर जिला मुख्यालय की तहसील जालोर में 2 ग्राम पंचायतों (2 शिविर प्रति जिला) पर शिविर संचालित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं तथा जिले की शेष तहसीलों पर पूर्व निर्धारित शिविर कार्यक्रमों को तकनीकी समस्याओं का सामाधान होने तक स्थगित किया गया है।

कवि दुरसा आढ़ा की जयंती आज

जोधपुर, (कास)। राष्ट्र कवि दुरसा आढ़ा की जयंती 11 फरवरी, मंगलवार को समारोहपूर्वक मनायी जाएगी। मंगलवार को प्रातः 10.30 बजे जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के हिन्दी विभाग और दुरसा आढ़ा फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में बृहस्पति भवन केन्द्रीय कार्यालय में जयन्ती समारोहपूर्वक आयोजित किया जाएगा। समारोह की आयोजन सचिव डॉ. कीर्ति माहेश्वरी ने बताया कि इस समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत होंगे। समारोह की अध्यक्षता जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के पूर्व कुलपति प्रो. गुलाब सिंह करेंगे। बीज वक्ता प्रो. गजादान चारण होंगे। दुरसा आढ़ा फाउण्डेशन एवं राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. राम सिंह आढ़ा ने बताया कि इस अवसर पर दुरसा आढ़ा रचित 'विरुद छिहतरी' का सस्वर पाठ मोहन सिंह रतनू, सत्येन्द्र सिंह व डॉ. प्रेम सिंह द्वारा किया जायेगा। शोधार्थी रेखा राठौड़ व किशोर द्वारा शोध पत्रवाचन प्रस्तुत किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर अतिथियों द्वारा दुरसा आढ़ा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजयी रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

विधिक सचिव भाटी ने निरीक्षण किया

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार विक्रम सिंह भाटी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) पाली द्वारा रिद्धी सिद्धी सेवा संस्थान द्वारा संचालित मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह, रामासिया की विजिट की गई। सचिव भाटी द्वारा आश्रम में भोजन-पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पुनर्वास करने की प्रक्रिया इत्यादि के संबंध में जानकारी ली। दौराने विजिट रसोई की सफाई, कमरों की सफाई, स्नानघर एवं शौचालयों की साफ-सफाई, मौसम के अनुकूल व्यवस्था उचित पाई गई। पुनर्वास गृह में बालकों को संतुलित पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाया जाता है। केयरटेकर श्रीमती निकी सागर ने बताया कि पुनर्वास गृह में मन्दबुद्धि बच्चों के आवास, भोजन, शिक्षण एवं योगा की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध हैं। सचिव भाटी ने पुनर्वास गृह से मानसिक विमंदित बच्चों के पुनर्वास के संबंध में भी जानकारी ली। साथ ही पुनर्वास गृह में मिलने वाली सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं तक बालकों की पहुंच सुगम रखने, समय-समय पर बालकों की चिकित्सकीय जांच करवाने तथा बच्चों के रूचि अनुरूप गति.विधियां करवाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान पुनर्वास गृह प्रबंधक निकी सागर, नर्सिंग स्टाफ राजबहादुर आदि उपस्थित रहें।

ऑनलाइन ठगी से बचें : देवीचंद ढाका

गुड़ामालानी, (कासं)। गुड़ामालानी क्षेत्र के गाधव कल्ला में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुडामालानी थाना प्रभारी देवीचंद ढाका ने छात्र छात्राओं को सडक सुरक्षा एवं साइबर फाउंड के बारे में जानकारी दी। जिले भर में चल रहे सडक सुरक्षा अभियान के तहत थाना प्रभारी देवीचंद ढाका ने गांधव कल्ला विद्यालय पहुंचकर छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस हमेशा जनता का सहयोग करती है। जनता पुलिस का सहयोग करे , जीवन अनमोल है इसलिए यातायात नियमों कि पालना करते हुए सडक पर चले। मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल करें। वाहन को ज्यादा स्पीड से ना चलते हुए आराम से चलाने कि बात कही वहीं मोबाइल के जरिए साइबर फ्रॉड के तहत ऑनलाइन ठगी को लेकर सावधान रहें। ओर लोगों को भी जागरुक करते हुए सावधान करते रहे। कांस्टेबल चेतन, लिच्छाराम,पुष्पा आदि उपस्थित रहे।

छगनराज व दीपा का सम्मान किया

जोधपुर, (कास)। कहानिका पत्रिका एवं महिला कल्याण समिति ढोरी, बोकारो द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन अयोध्या धाम और काशी हिन्दी विद्यापीठ द्वारा आयोजित विद्या -वाचस्पति विशेष मानद सम्मान समारोह अयोध्या में जोधपुर के कवि दंपति छगनराज राव और दीपा परिहार को "विद्या वाचस्पति मानद (सारश्वत) सम्मान (डॉक्टर) " की उपाधि से नवाजा गया।यह सम्मान इनकी सुदीर्घ हिन्दी सेवा, सारस्वत साधना, आध्यात्मिक साधना, कला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां, शैक्षिक प्रदेयों, महनीय शोध कार्य , सेवा कार्य तथा प्रादेशिक राष्ट्रीय -अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर काशी हिन्दी विद्यापीठ अकादमिक परिषद की अनुशंसा पर प्रदान किया गया। साथ ही शॉल, दुपट्टा, मेडल तथा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

ग्रेनाइट उद्योग का शैक्षणिक भ्रमण

जालोर, (कासं)। वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर वाणिज्य विभाग की ओर से सोमवार को विद्यार्थियों के लिए ग्रेनाइट उद्योग का शैक्षणिक भ्रमण ग्रेनाइट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुरेश चौधरी के सहयोग से आयोजित किया गया। इस औद्योगिक भ्रमण में वाणिज्य विभाग के सदस्य दिनेशकुमार मीणा एवं राजकुमार जलवानिया विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने ग्रेनाइट के खनन, प्रसंस्करण और विपणन की विभिन्न प्रक्रियाओं को नजदीक से देखा और उद्योग से जुडे तकनीकी एवं व्यावसायिक पहलुओं को समझा। उद्योग विशेषज्ञ सत्यनारायण राठी, रिछपाल चौधरी एवं हरीश सिंह जाखड़ ने विद्यार्थियों को ग्रेनाइट उद्योग की चुनौतियों, निर्यात संभावनाओं और रोजगार अवसरों की जानकारी दी।

सडक़ हादसे में मौत

जोधपुर, (कास)। शहर के निकटवर्ती बोरानाडा स्थित नारनाडी में एक बाइक सवार को पीछे से किसी वाहन चालक ने चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक नारनाडी गांव के सरपंच का भाई बताया गया है। पुलिस अज्ञात वाहन का पता लगाने का प्रयास कर रही है। बोरानाडा पुलिस ने बताया कि नारनाडी बोरानाडा निवासी जज्गाराम मेघवाल अपनी बाइक से नारनाडी गांव से निकल रहा था। तब पीछे से आए किसी वाहन चालक ने चपेट में ले लिया।

जालोर महोत्सव में पद्मश्री बेगम बतुल का कार्यक्रम होगा

जालोर महोत्सव के आयोजन को लेकर कोर कमेटी के सदस्यों की बैठक हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर , (कासं)। जालोर महोत्सव 2025 में प्रसिद्व भजन व लोक गीत गायिका बेगम बतुल 16 फरवरी को शाम 6.30 बजे स्टेडियम प्रांगण में लोक गायकी की प्रस्तुति देगी। वही 15 फरवरी को राष्ट्रीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। जालोर महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर जालोर महोत्सव कोर कमेटी की बैठक सोमवार को आयोजित हुई।

कोर कमेटी के सदस्य हितेश प्रजापत ने बताया कि जालोर महोत्सव में 15 फरवरी से तीन दिन तक स्टेडियम प्रांगण में विभिन्न सांस्कृतिक, खेलकूद गतिविधियों व लोक संस्कृति व रंगारंग कार्यक्रमो के अलावा शॉपिंग मेला का आयोजन होगा। वही महोत्सव के दूसरे दिन 16 फरवरी शाम 6.30 बजे भारत का सर्वोच्च महिला नारी षक्ति पुरस्कार से सम्मानित व पदमश्री बेगम बतुल भजन व लोक गीतो से श्रोतो को मंत्रमुग्ध कर देगे। बेगम बतुल मूलत राजस्थान के डीडावाना के केराप गांव में मिरासी परिवार से आती है।

बेगम बुतल मुस्लिम होने के बावजूद गणपति व राम भजन गाकर सारी रूढिवादिता को तोडा । इन्होने भगवान श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में भी भजनो की प्रस्तुति दी। वही कान फिल्म फेस्टिवल 2024 में भी भजनो की प्रस्तुति देने के साथ फ्रांस ओलम्पिक व पेरिस के टाउन हॉल में भी अपनी लोक कला की छांटा बिखर चुकी है। बेगम बतुल के गणपति, राम व मीरा के भजनो से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी प्रशंसक रहे है। इन्होने फ्रांस, इटली, जर्मनी, स्वीजरलेण्ड, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, स्पेन, टयूनीशिया, यूके सहित करीब 25 देशो से भी ज्यादा जगह अपनी प्रस्तुति दे चुकी है। बेगम बतुल अपने भजनो की षुरूआत गणपति के भजन से करती है तथा लोक संगीत के साथ गीतो की प्रस्तुति देकर समा बांधती है। उन्होने बॉलीवुड क्लेजमर (अंतर्राश्ट्रीय फ्यूजन लोक संगीत बैड जिसमें विभिन्न धर्मो के कलाकार विभिन्न सांस्कृतिक के फ्यूजन पारम्परिक संगीत की प्रस्तुति देते है) के माध्यम से उन्होने साम्प्रदायिक सदभाव को बढावा दिया। वे 2017 से पेरिस में लुई वितो फाउंडेषन , भारतीय दूतावास और ग्लोबल इंडियन ऑर्गनाइजेषन द्वारा आयोजित, यूरोप के सबसे बडे होली उत्सव में प्रदर्षन कर रही है इन्होने हमेषा बालिका षिक्षा को बढावा दिया हैं। गायन कला में निपुण होने के साथ ढोलक, ढोल व तबला जैसे वाधयंत्रो को भी बजाने में निपुणता हासिल है। वे ऐसी मांड गायिका है, जो विगत पांच दशक से लोगो के बीच रहकर आपसी सदभाव व सौहार्द्र को बढावा दे रही है। इस बार जालोर महोत्सव में बेगम बतुल की लोक गायकी की प्रस्तुति विशेष आकर्षक का केन्द्र रहेगी।

विराट कवि सम्मेलन 15 को: जालोर महोत्सव में इस बार अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि स्टेडियम प्रांगण में प्रस्तुति देकर समा बांधेगे। 15 फरवरी की रात्रि 8.30 बजे स्टेडियम प्रागंण में विराट राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कवि सम्मेलन के समन्वयक कुलदीप खण्डेलवाल व रामाराम ने बताया कि कवि सम्मेलन में हास्य व्यंग्य के राष्ट्रीय कवि पदमश्री सुरेन्द्र दवे, हास्य व व्यंग्य से लोगो को ठहाके लगाने पर मजबूर कर देगे। वही कवि सम्मलेन में इटावा उतर प्रदेष के कविता के तर रस के खिलाडी कवि गौरव चौहान, जोधपुर के हास्य व्यंग्य के प्रसिद्व कवि व संचालक डॉ. राम अकेला, हास्य व व्यंग्य कवि व शायर दिल्ली के दीपक गुप्ता, आगरा की गीतकार रूचि चतुर्वेदी, विधा रस शेखावटी के कवि विवके पारिक, मुंबई के हास्य व्यंग्य के कवि रोहित षर्मा व उदयपुर की नाजनीन अली नाज गजले व नज्मो से समा बांधेगी। कवि सम्मेलन को लेकर वरिष्ठ कवि परमानंद भट्ट ने बताया कि समिति का प्रयास है कि प्रत्येक वर्ष होने वाले इस कवि सम्मेलन में उन कवियों व षायरो को बुलाया जाये। जिन्हे पहली कभी जालोर की धरा पर अपनी प्रस्तुति नही दी है। इस बार कवि सम्मेलन में विशेष हास्य व व्यंग्य के कवियो को आमंत्रित किया गया है, जो कवि सम्मेलन को नई उचाई प्रदान करेगे।

महोत्सव कोर समिति की बैठक आयोजित : जालोर महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर जालोर महोत्सव कोर समिति की बैठक सोमवार को जालोर विकास समिति के अध्यक्ष मोहन पाराशन की उपस्थिति में आयोजित हुई। जिसमें कोर कमेटी के सदस्यो ने भाग लिया। वही जिले के उपखण्ड समन्वयको को जालोर महोत्सव को लेकर विभिन्न दिशा निर्देश प्रदान किये। इस दौरान जालोर समन्वयक रतन सुथार उपखण्ड समन्वयक मुकेष खंडेलवाल, भीनमाल समन्वयक पंकज माली, आहोर समन्वयक गजेन्द्र सिंह मांगलिया, सायला समन्वयक मांगीलाल राजपुरोहित, रानीवाडा समन्वयक कृश्ण कुमार माली, व बागोडा समन्वयक मदनसिंह उपस्थित रहे।

सुमेरसिंह इंदा की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

जोधपुर, (कास) । जोधपुर के पास बालेसर क्षेत्र के घुड़ियाला गांव निवासी सुमेरसिंह इंदा की ट्रेन में सीट विवाद के दौरान महाराष्ट्र के नंदूरबाद में चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई थी। घटना के विरोध में राजपूत विकास समिति शेरगढ़ के बैनर तले समाज के लोगों ने बालेसर उपखंड कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। समिति ने उपखंड अधिकारी भवानीसिंह चारण को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिए ज्ञापन में मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और घायल पर्वतसिंह को 20 लाख रुपए की सहायता राशि देने की मांग की गई है।

घटना 2 फरवरी को हुई थी, जब सुमेरसिंह अपने तीन भाइयों के साथ चेन्नई से अपनी और बहन की शादी की तैयारियों के लिए घर लौट रहे थे। इस दौरान नंदुरबाद स्टेशन पर ट्रेन के लोकल कोच में सीट को लेकर हुए विवाद में आधा दर्जन लोगों ने सुमेरसिंह पर जानलेवा हमला कर दिया। बचाव में आए एक अन्य युवक पर्वतसिंह भी इस हमले में घायल हो गए। सुमेरसिंह को नंदुरबाद के जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

सुमेरसिंह की शादी 20 फरवरी को होनी थी। वह चेन्नई में अपने भाइयों के साथ मिठाई का काम करता था।

प्रदर्शन में राजपूत विकास समिति के अध्यक्ष भगवानसिंह राठौड़, पूर्व जिपस विक्रमसिंह इंदा, पूर्व रक्षा वैज्ञानिक जबरसिंह इंदा सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। समाज ने महाराष्ट्र सरकार से दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत चिन्हित 38 अपात्र परिवारों को नोटिस जारी

पाली, (नि.सं.)। जिले में प्रवर्तन स्टाफ के द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर आयकरदाता, एक लाख से अधिक आय, चौपहिया वाहन एवं सरकारी/अर्द्ध सरकारी कार्मिक इत्यादि कारणों के आधार पर खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 38 परिवार अपात्र पाये जाने पर ऐसे परिवारों को चिन्हिकरण कर नोटिस जारी किया गया है तथा इन परिवारों को 28 फरवरी 2025 तक अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाने के लिए आवेदन करने की भी हिदायत दी गई, जिनके द्वारा 28 फरवरी तक नाम नहीं हटवाने पर संबंधित के विरूद्ध सख्त विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

जिला रसद अधिकारी मनजीत सिंह ने बताया कि जिले में गिव अप अभियान के तहत दिनांक 03 दिसम्बर 2024 से अब तक कुल 2850 परिवारों के 12113 सदस्यों द्वारा स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा से हटवाया गया है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाले लाभ के लिए अपात्र व्यक्तियों को स्वेच्छा से अपना नाम हटवाने के लिए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा अपात्र लोगों को अब 28 फरवरी, 2025 तक अंतिम मौका दिया है। उक्त अंतिम तारीख के बाद अपात्र लोगों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाकर बाजार कीमत पर वसूली भी की जायेगी। उक्त संबंध में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा अपात्र लोगों को स्वेच्छा से नाम हटाने के लिए "गिव-अप अभियान" प्रारंभ किया गया है। उक्त अभियान के तहत आयकर दाता, चौपहिया वाहन धारक, सरकारी कर्मचारी या अन्य आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति 28 फरवरी, 2025 तक खाद्य सुरक्षा योजना से अपना नाम स्वेच्छा से हटवा सकते है। जिसके लिए जिले की समस्त उचित मूल्य दुकानों पर निर्धारित आवेदन पत्र भी उपलब्ध करवा दिए गए है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि जिले में 28 फरवरी, 2025 तक अपना नहीं हटवाने वाले अपात्र व्यक्तियों के खिलाफ विभाग की ओर से विशेष अभियान चलाया जाकर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर बाजार कीतम पर वसूली की जायेगी। इसके अतिरिक्त ऐसे अपात्र व्यक्तियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत कानूनी कार्यवाही भी की जायेगी, ताकि वास्तविक गरीब जरूरतमंद व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ मिल सके।

52 वर्ष पूर्व के विद्यार्थियों ने गुरू का सम्मान किया

अमर शहीद सागरमल गोपा विद्यालय जैसलमेर में आयोजित कार्यक्रम में 1972 साइंस बैच के पूर्व छात्र लक्ष्मणसिंह पुरोहित एवं बृज गोपा ने अपने प्राध्यापक अमृतलाल मेहरा का सम्मान किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जैसलमेर, (नि.सं.)। अमर शहीद सागरमल गोपा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जैसलमेर के 1972 साइंस बैच के पूर्व छात्र रविवार 9 फरवरी को स्थानीय गीता आश्रम में स्नेह मिलन सम्मेलन में एकजुट हुए। करीब 52 वर्ष बाद आयोजित हुए इस पुनर्मिलन में देशभर से सहपाठी अपने जीवनसाथी सहित शामिल हुए।

कार्यक्रम में सर्व प्रथम गाँधी बाल मंदिर स्कूल की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गा कर सभी आगून्तकों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात सम्मेलन में डायमंड ग्रुप 1972 के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक बालकृष्ण जोशी, भंवरलाल व्यास, रमणलाल पंवार, जितेंदकुमार भाटियाद्ध गोपाल व्यास, भूतपूर्व प्राध्यापक अमृतलाल मेहरा, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व शिक्षक सत्यनारायण छांगाणी का माल्यार्पण कर शाल ओढ़ाकर, स्मृतिचिंन भेंट कर अभिनंदन किया गया।

जानकारी के अनुसार सम्मेलन में उपस्थित डॉ. वल्लभदास जेठा, मोहनलाल सांवल, रानीदान नाहर, बृजमोहनआचार्य, अरुण शर्मा, बृज गोपा, घनश्याम भाटिया, महेश व्यास, महेश भाटिया, पन्नालाल प्रजापत, राजाराम, नारायण राम, दामोदर खत्री लक्ष्मणसिंह पुरोहित, पुरुषोत्तम, शकुंतला एवं अन्य सहपाठीयों द्वारा आयोजन को सुन्दर बनाया।

आयोजन में जैसलमेर भाजपा पूर्व अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश शारदा, राजेन्द्र व्यास, बृजमोहन रामदेव, बृज जगानी ने अपना सम्बोधन दिया। आयोजन में पुष्पा नाहर सहित महिला शक्ति भी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर सागरमल गोपा विद्यालय की प्रधानाचार्य शायना खातुन का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में रावतमल सांवल, सुशील व्यास, गोविन्द व्यास, अचल सिंह, शिवकुमार, सुशील भाटिया, गिरधर भाटिया, श्याम बिस्सा की उपस्थिति रही। मंच संचालन आनन्द जगानी ने किया। अंत में सह भोज का आयोजन हुआ।

किसानों की समस्याएं बताई

रेवदर, (निसं)।भारतीय किसान संघ जिला सिरोही के तहसील रेवदर की मासिक बैठक हुई।

बैठक सरेसी माताजी मंदिर रेवदर में तहसील अध्यक्ष बाबुलाल कोली हडमतिया सांगारली की अध्यक्षता में एवं जोधपुर प्रान्त कार्यकारी सदस्य बीज प्रमुख नाथुराम लोहार अनादरा के सानिध्य में आयोजित हुई।जिसमें किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन उपखण्ड अधिकारी रेवदर को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि रेवदर तहसील के धवली पंचायत के गांव थल में अज्ञात बिमारी से किसानों एवं पशुपालकों की पन्द्रह भैंसों की मृत्यु हो गई है। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचा है। भारतीय किसान संघ मांग करता है कि पशुपालकों एवं किसानों को मृत भैंसों मुआवजा राज्य सरकार द्वारा दिलवाया जावे। भैसों को वैक्सीन दी जा रही है। लेकिन वास्तव में वैक्सीन राज्य सरकार द्वारा फ्री में लगाई जाती है। लेकिन किसानों को बाजार से मंगवाई जा रहीं हैं।सो सरासर गलत है।कुछ प्रभाव शाली लोगों के भैंसों को फ्री में वैक्सीन लगाई जाती है। भेदभाव पूर्ण रूप से मेडिकल टीम व्यवहार कर रही है सो इसकी जांच कराई जाए। दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करावे। बैठक में वेलाराम चौधरी, हेमाराम कोली, हिरदाराम कोली थल, रणछोडभाई सैन अनादरा, मानाराम चौधरी धाण आदि बैठक में शामिल हुए।

भांजे ने वृद्ध मासी पर हमला कर आभूषण लूटे

जोधपुर, (कास) । निकटवर्ती वियायकपुरा भवाद गांव में एक वृद्धा पर उसके भांजे ने हमला किया। मारपीट के साथ उसके पहने जबरन छीन कर ले गया। वृद्धा के पहना सोने का फूल, मादलिया और भंवरियां ले गया।

करवड़ थानाधिकारी लेखराज सिहाग ने बताया कि विनायकपुरा भवाद गांव में रहने वाली 76 साल की गंवरीदेवी पत्नी केवलराम विश्रोई रविवार को अपने घर के आंगन में बैठी थी। वक्त घटना घर पर कोई नहीं था। तब उसका भांजा अशोक विश्नोई पुत्र भागीरथ आया और माापीट करते हुए उसके पहने हुए जेवरात छीनाझपटी कर लेने लगा। जिससे वृद्धा गंवरी देवी लहूलुहान हो गई। अशोक उसके पहने आभूषण भंवरियां, फू ल और मादलिया इत्यादि ले गया। बाद में पुलिस को सूचना मिलने पर वहां पहुंची। मौका मुआयना किए जाने के साथ आरोपी को नामजद करते हुए उसकी तलाश आरंभ की गई है।

घंटाघर सुमेर मार्केट में चोरी

जोधपुर, (कास) । घंटाघर सुमेर मार्केट में एक दुकान से 10-15 हजार चोरी हो गए। दुकानदार घी और परचूनी सामान बेचता है। दुकान के ताले टूटना बताया गया है। पुलिस आस पास लगे सीसीटीवी फुटेजों से पता लगाने का प्रयास कर रही है। नई सडक़ स्थित बैण्ड मार्केट में रहने वाले राकेश प्रजापत ने रिपोर्ट दी।

जोधपुर में विश्वकर्मा जयंती पर शोभायात्रा निकाली

जोधपुर, (कास) । जांगिड़ समाज व शिल्पकारों के आराध्य देव भगवान विश्वकर्मा का 80वां जयंती महोत्सव सोमवार को श्री विश्वकर्मा जांगिड़ पंचायत, श्री विश्वकर्मा मंदिर कमेटी बाईजी का तालाब, कागड़ी व भवाद गंगाराम प्याऊ स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर कमेटी, जांगिड़ समाज अधिवक्ता संघ, समाज के विभिन्न संगठनों व संस्थाओं, शिल्पकारों और समाजबंधुओं द्वारा श्रद्धापूर्वक व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महोत्सव के तहत आज शोभायात्रा निकाली गई। इसके साथ ही सम्मान समारोह सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने बताया कि सुबह हवन व आरती, ध्वजारोहण का आयोजन हुआ। श्री पंचायत के अध्यक्ष वासुदेव बुढल ने बताया कि मसूरिया स्थित श्री विश्वकर्मा छात्रावास में सुबह अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन के बाद समाज उत्थान के बारे में विचार गोष्ठी आयोजित हुई। इसके साथ ही सम्मान समारोह में 75 बसंत पार कर चुके वरिष्ठजनों, 10वीं, 12वीं कक्षा एवं स्नातक व स्नातकोत्तर डिठी में 80 प्रतिशत व इससे से अधिक अंक लाने वाले समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। वहीं विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों व चयनित प्रशासनिक अधिकारियों का सम्मान भी किया गया। ,

दोपहर में अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा व कलश यात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा में समाज की विभिन्न संस्थाओं की लगभग दो दर्जन से ज्यादा झांकियों के साथ पुरुष सफेद पोशाक व केसरिया साफा में, महिलाएं लाल चुनड़ी पौशाक में तथा युवा वाहन रैली के साथ शोभायात्रा की शान बढ़ा रहे थे।

शोभायात्रा बारहवीं रोड, पांचवीं रोड, शनिश्चरजी का थान, जालोरी गेट होते हुए बाईजी का तालाब स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर पहुंचकर विसर्जित हुई। यहां मंदिर कमेटी द्वारा शोभायात्रा व समाज की सभी उपसंस्थाओं के पदाधिकारियों का स्वागत व सम्मान किया गया। शोभायात्रा का रास्ते में भी कई स्थानों पर समाज की संस्थाओं, लोगों व व्यापारिक संगठनों द्वारा स्वागत किया गया।

पाली संवाददाता के अनुसार: पाली में श्रीविश्वकर्मा जांगिड़ समाज सेवा समिति की ओर से सोमवार को विश्वकर्मा जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। पूरे रास्ते जोश से लबरेज युवा नाचते-गाते हुए चल रहे थे।

कांग्रेसजनों ने स्व.राजेश पायलट को श्रद्धांजलि दी

जालोर शहर के पास पाचोटिया की ढाणी में स्व. राजेश पायलट की जयंती मनाते हुए पी.सी.सी. के पूर्व सहवृत सदस्य फिरोज मेहर ने जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जिले के कांग्रेस पदाधिकारी एवम कार्यकर्ताओं ने सोमवर को पूर्व केंद्रीय मंत्री किसान नेता स्व. राजेश पायलट की जयंती के अवसर पर श्रद्दांजली सभा का कार्यक्रम राजीव गांधी भवन जालोर में रखा गया। वही पीसीसी के पूर्व सहवृत सदस्य फिरोज मेहर ने जरूरतमंद लोगों को अस्सी कंबल वितरण किए।

सर्वप्रथम समस्त कांग्रेसजन ने किसान केसरी स्व राजेश पायलट की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रदा सुमन अर्पित किये। साथ ही दो मिनिट का मौन धारण कर उन्हें याद किया गया। कांग्रेसजन ने उनके बताये मार्गो एवें आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत,कैलाश शर्मा, आई टी सेल पूर्व जिलाध्यक्ष अमीन मोयला,पूर्व पार्षद राजेन्द्र सोलंकी, लक्ष्मीकांत दवे,युवा नेता सलीम मोयला,सुष्मिता गर्ग सहित तमाम कांग्रेसजन उपस्थित थे।

वही जालोर शहर के निकट पंचोटिया की ढाणी में किसान नेता स्व. राजेश पायलट की ८०वी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

पीसीसी के पूर्व सहवर्त सदस्य फिरोज मेहर ने जरूरतमंद लोगो को 80 कंबल वितरण किए गये। इस अवसर पर उकाराम भील, बाबूराम, भवरू खा ,यूथ कांग्रेस के इलियास शाह, लाखे खा, शाहरुख खा, पप्पुराम, वचनाराम, अशकर खा, भीमाराम, सोयाराम, आसीन शाह सहित ग्रामीण मौजूद रहे।